पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13 शुक्रवार, दिनांक-27 मार्च, 2015 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.08 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

''प्रश्नोत्तर काल शुरू होते ही विपक्ष के मा० सदस्यगण छात्रों पर कथित पुलिस लाठी चार्ज के नाम पर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

सरकार की ओर से माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने घटना के संबंध में वक्तव्य देने के लिए आसन से अनुरोध करते हुए समय की मांग की ।''

''आसन द्वारा विपक्ष के मा० सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें एवं अपनी-अपनी सीट पर जाकर अपनी बातों को कहें । नियमानुसार उनकी बातों को आसन अवश्य सुनेगा ।''

परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी तथा सदन की कार्यवाही 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.20 बजे अप० तक ।

(इस अवसर पर मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (पथ निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं परिवहन विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

आसन से कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले मा० सदस्यों का बारी-बारी से नाम पुकारा गया, परन्तु सभी माननीय सदस्य सदन से अनुपस्थित थे । फलत: कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं हो सका ।

माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा मा० अध्यक्ष महोदय से विपक्ष के सभी मा० सदस्यों के अनुपस्थित रहने पर कहा कि कल दिनांक 26.03.2015 को छात्रों के साथ पुलिस का हल्का लाठी चार्ज होने पर सरकार सदन के सामने पारदर्शितापूर्वक स्थिति स्पष्ट करना चाहती है ।

आसन से वित्तीय कार्य समाप्ति के उपरांत उपरोक्त स्थिति स्पष्ट करने के लिए सहमति प्रदान की गई ।

अतएव अनुदान की माँग के प्रस्ताव पर विमर्श प्रारंभ हुआ जिसमें निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) डा० अरूण कुमार

(इस अवसर पर मा० अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री रणविजय कुमार

(iii) श्री ललित कुमार यादव (iv) श्री मनीष कुमार

(v) श्री प्रदीप कुमार (vi) श्री अब्दुल गफूर

(vii) श्री रत्नेश सादा

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल (ix) श्रीमती गुड्डी देवी

(x) श्री सत्यदेव सिंह (xi) श्री कृष्णनन्दन यादव

मा० प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री राजीव रंजन सिंह ने पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग पर अपना पक्ष रखा ।

''आसन द्वारा सदन का कार्य समाप्त होने तक सदन की अवधि का विस्तार सदन की सहमति से किया गया ।''

तदुपरांत पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[3] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 18 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

[4] सरकार का वक्तव्य :-

माननीय मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी ने छात्रों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज की घटना पर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार दिनांक 30 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।